## एक नजर में

### बसपा की एक दिवसीय कार्यकर्ता बैठक सम्पन्न

**झाडला 26 दिसम्बर, सं.** बहुजन समाज पार्टी की एक दिवसीय कार्यकर्ता बैठक सम्पन्न हुई . जिसमें पूर्व जिला प्रभारी डॉक्टर शिवनारायण वर्मा शामिल हुए . झाडला में विस क्षेत्र कार्यकर्ता एकत्रित हुए और पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया . इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष संजय सोलंकी, जिला कार्यकारिणी सदस्य इरशाद बेग, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कविता वर्मा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष शहीद भाई, विधानसभा प्रभारी मोहन अहिरवार, पूर्व विधानसभा महासचिव गोपाल मेघवाल, भारत सिंह वर्मा राजू वर्मा बंटी झड़किया, मुकेश वर्मा मैकेनिक, मुकेश वर्मा, दिनेश सोनगरा, गोविंद वर्मा, कमल सिंह सूर्यवंशी, सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे . कार्यक्रम की अध्यक्षता का भार दीपक सूर्यवंशी द्वारा एवं संचालन मोहन अहिरवार ने किया .

### तुलसी पूजन दिवस मनाया

**खिलचीपुर 26 दिसम्बर, सं.** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा 25 दिसंबर को तुलसी पूजन दिवस श्रद्धा भक्ति और भारतीय संस्कृति के संरक्षण के संकल्प के साथ मनाया गया . ब्रह्माकुमारी नीलम दीदी ने बताया की तुलसी केवल एक पौधा नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति, स्वास्थ्य और पर्यावरण की अमूल्य धरोहर है . तुलसी वातावरण को शुद्ध करती हैं, औषधिया गुणों से भरपूर है तथा परिवार में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है . इस अवसर पर यह भी कहा गया कि 25 दिसंबर को तुलसी पूजन दिवस मनाने का उद्देश्य भारतीय संस्कृति की आत्मिक जड़ों को मजबूत करना तथा नई पढ़ी को अपने मूल संस्करों से जोड़ना है . समाज में आध्यात्मिक चेतना, स्वास्थ जागरूकता और सांस्कृतिक मूल्यों को पुन: जागृत करने का संदेश दिया . इस अवसर पर माताओं बहनों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर भजन कीर्तन गाकर संकल्प लिया कि वे अपने घरों में तुलसी का पौधा अवश्य लगाएंगे और उसकी नियमित सेवा करेंगे .

### नवनियुक्त जिला मंत्री का किया स्वागत

**पड़ाना 26 दिसम्बर, सं.** शुक्रवार नगर के एटीएम चौराहा पर भाजपा जिला मंत्री नवनियुक्त मनोहर सिंह परमार का आशिर अंसारी मित्र मंडल के तत्वाधान में जोरदार स्वागत किया गया इस मौके पर पड़ाना भाजपा मंडल अध्यक्ष शेखर शर्मा , धर्मेंद्र गुर्जर महेश गुर्जर, रईस मंसूरी, गोकुल प्रसाद दुगरिया , सरपंच महेश जाट भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी राजेश यादव,मोर्चा मंडल अध्यक्ष शरीफ मंसूरी ,ओम परमार पूर्व जनपद सदस्य दिनेश परमार, नान साब परमार ,प्रदुमन परमार ,मुकेश जलोदिया, मोहन परमार ,सतीश गोस्वामी, पवन पुष्पद, कमलेश सिंघानिया, राजेश चंद्रवंशी, अब्बास भाई मंसूरी, हाजी सत्तार सेठ मंसूरी, मुख्तियार भाई मंसूरी सहित अन्य भाजप कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया .

### छोटे पुल से भोजपुरिया तक की सड़क का नामकरण अटल पथ रखा गया

**नवभारत न्यूज, पचोर 26 दिसम्बर, सं.** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी के अवसर पर नगर परिषद कार्यालय में उनके चित्र पर मलयार्पणकर जन्म जयंती शताब्दी मनाई गई इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष विकास करोड़िया ने बताया कि पुराने छोटे पुल से भोजपुरी तक भोजपुरीया तक सड़क का नाम अटल पथ पर रखा गया है . नगर परिषद अध्यक्ष विकास करोड़िया ने व्यापारियों से भी आग्रह किया है कि अपने प्रतिष्ठान के पत्ते पर अटल पथ लिखा जाए साथ ही पत्र व्यवहार में भी अटल पथ लिखा जाए . इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी पार्षद उपस्थित है .

## शहर के बीच मुख्य बाजार में डकैती से नागरिकों में दहशत, अब अपनी सुरक्षा के लिए

# 'गन ' और 'मैन ' जुटाने की रणनीति पर व्यापारी

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 26 दिसम्बर, का. एक दिन पूर्व बुधवार-गुरूवार की दरमियानी रात शहर में एक दर्जन नकाबपोश हथियारबंद बदमाशों द्वारा ताले तोड़ने, माल चुराने और ताण्डव के बाद नागरिक और व्यापारी दहशत में है. सभी के मन में अपने प्रतिष्ठानों और परिवारों की सुरक्षा को लेकर चिंता सताने लगी है. व्यापारियों ने अब खुद अपनी सुरक्षा के उपाय करने का फैसला लिया है.**

व्यापारी जहां एक-दो मिलकर गनमैन रखने की तैयारी कर रहे है और निजी सुरक्षा एजेंसियों से बात कर रहे हैं वहीं कुछ व्यापारियों ने प्रशासन ने लायसेंस की मांग की है. जिससे वे आत्मरक्षा के लिए बंदूक अपने पास रख सकें. इतना ही नहीं व्यापारियों ने बाजार को अब अपने तरीके से सुरक्षित करने का निर्णय लिया है. शायद उन्हें पुलिस की गश्ती व्यवस्था पर भरोसा नहीं रहा. जिस समय घटना हुई उससे कुछ देर पहले गश्ती वाहन वहां से गुजरा था. लेकिन इसके बाद भी बदमाशों में पुलिस की मौजूदगी का खौफ नहीं था और वे चिल्ला चिल्लाकर डकैती को अंजाम दे गए. शहर में कौतूहल का माहौल है. इधर पुलिस अपराधियों की सरगर्मी से तलाश में जुट गई है. एसपी ने 5 टीमें वारदात करने वालों की तलाश में लगा है. उम्मीद है जल्द सफलता मिले और भय दूर हो.

### नागरिकों की मांग : इन चेहरों को सलाखों के पीछे देखना





### नागरिकों की सुरक्षा को भगवान भरोसे नहीं छोड़ा सकता : प्रियवृत सिंह




इधर घटना के बाद कांग्रेस सरकार और वर्तमान व्यवस्था पर हमलावर हो गई है . जिला इंकाध्यक्ष प्रियवृत सिंह खींची ने नवभारत से चर्चा दौरान कहा कि नागरिकों में डकैती की इन वारदातों से भारी भय और आतंक का माहौल है . इसको सुरक्षा और पुलिस के प्रति विश्वास तब जागेगा जब अपराधियों को जल्द पकड़ा जाएग और कार्यवाही होगी . उन्होंने विधायक अमर सिंह यादव के उस बयान पर कि जिसमें उन्होंने कहा था कि मां जालपा राजगढ़ नागरिकों की सुरक्षा करे . इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जिले के नागरिकों को भगवान भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता . इसके लिए पुलिस को अपनी सक्रियता दिखानी होगी और जो लगातार अपराध बढ़ रहे है उन पर अंकुश लगाना होगा . श्री सिंह ने इस बात पर बेहद हैरानी जताई कि इंकाध्यक्ष ने कहा कि जिस तरीके से अपराधियों ने आतंक मचाया वह अपने आप में हैरत अंगेज है और इस बात को द्योतक है अपराधियों में पुलिस के प्रति खौफ नहीं रह गया है .

### शहर की सुरक्षा के लिए काला दिन था वो-कल्पोनी




पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी ने कहा कि वह दिन शहर की सुरक्षा के लिए काला दिन था . नगर के इतिहास में ऐसा आजतक नहीं हुआ . शहर शांति के बीच अपना जीवन यापन करता है . लेकिन अपराधी यहां बेखौफ होकर ताण्डव कर रहे है . पुलिस अपना भय अपराधियों के बीच ले जाने में नाकाम साबित हो रही है .



बीते दिन हुई घटना बहुत निंदनीय है . हमारे एक व्यापारी साथी को हमने खो दिया . पुलिस को जल्द ही आरोपियों को पकड़ना चाहिए जिससे व्यापारी और नागरिकों में भय दूर हो . हमारी मांग है कि पुलिस को स्थायी रूप से यहां तैनाती करनी चाहिए और गार्ड व्यवस्था करनी चाहिए .

**धर्मेन्द्र सोनी, व्यापारी राजगढ**



बाजार में रहने वालों और मोहल्ले, पड़ोस में रहने वालों को एकजुट होना होगा . सतत सम्पर्क बढ़ाने होंगे . साथ ही सामुहिक रूप से निजी सुरक्षा एजेंसियों को नियुक्त करना होगा जिससे बड़ी वारदातें होने से रोका जा सके . सम्पर्क में रहना होगा जिससे ऐसी घटनाएं होने पर घेराबंदी की जा सके .

**कृष्णपाल सिंह बैस, व्यवसायी राजगढ़**



जिन भी व्यापारियों के शस्त्र लाइसेंस राजगढ़ प्रशासन के पास पेंडिंग है उन सभी को कम से कम समय सीमा में लाइसेंस प्रदान किया जाना चाहिए ताकि व्यापारी गण अपने जान माल की सुरक्षा कुछ हद तक स्वयं भी कर सके . साथ ही नए लायसेंस भी देने चाहिए . हमें अपनी रक्षा स्वयं करनी होगी .

**दीपक गुप्ता, व्यापारी राजगढ**

### व्यापारी सुंदरलाल सोनी पंचतत्व में विलीन

इधर गुरूवार को डकैती की घटना से सदमे में हार्ट अटैक से जान गंवाने वाले सुंदरलाल सोनी का अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम पर किया गया . श्री सोनी की अंतिम यात्रा में व्यापारियों, नागरिकों और स्वजनों ने शामिल होकर अंतिम विदाई दी . व्यापारियों ने उनके निधन को बड़ी क्षति बताया है . व्यापारियों ने कहा कि इस दिन को वे जीवन भर नहीं भूलेंगे . उनके प्यारे साथी की इस सदमे से जान चली गई . अब पुलिस की जिम्मेदारी है कि अपराधियों को सलाखों के पीछे लाकर खड़ा करे और सजा दिलवाए .

### मातृसम्मेलन का आयोजन

**छापीहेड़ा 26 दिसंबर, सं.** नगर में होने जा रहे दस दिवसीय आयोजन के अंतर्गत 25 दिसंबर 2025 को नगर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पर महिलाओं द्वारा मातृसम्मेलन का आयोजन हुआ. आयोजन की अध्यक्ष वैश्य महा सम्मेलन संभाग प्रभारी, केवल्य दौलाज आश्रम की अध्यक्ष, मेड़तवाल केंद्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष श्रीमती संगीता शर्राफ का मार्ग दर्शन प्राप्त हुआ. उन्होंने बताया कि समाज निर्माण में नारी शक्ति की भूमिका बड़ी महत्वपूर्ण होती है. उन्होंने बताया कि आज के समय में समस्त हिन्दू समाज को एक होकर अपनी भूमिका निभानी पड़ेगी. बच्चों को कौनसी उम्र तक क्या क्या संस्कार देने हे इसकी बात कही जो आज समाज के लिए बहुत जरूरी है. बच्चे संस्कार वान बनेंगे तो समाज के साथ साथ देश का विकास होगा हम अपनी संस्कृति बचा पाएंगे देश ओर समाज को बचाने के लिए आज के समय में बच्चों को संस्कार वान बनाना होगा इसके लिए समस्त मातृशक्ति को अपनी भूमिका निभानी होगी. आज के समय में राष्ट्र निर्माण के लिए हमें समाज से भेद भाव वाली भ्रांतियों को दूर करना होगा. अपने उद्बोधन में कहा कि मर्यादापुरुषोत्तम भगवान श्रीराम कुटुंब प्रबोधन के सबसे अच्छे उदाहरण है. रामायण की हर चौपाई हमे जीवन जीना सिखाती है. भगवान राम ने भीलनी के झूठे बेर ग्रहण कर समाज को छुआ छूत से दूर रहने का संदेश दिया. इसे समाज को कई दिशा भगवान राम ने दिखाई है. इस अवसर पर मुख्य अथिति छापीहेड़ा थाना प्रभारी संगीता शर्मा के साथ विशेष अतिथि एडवोकेट सुश्री मंशाली टांक एवं समस्त मातृशक्ति उपस्थित रही.

## 675 नेत्र रोगियों की जांच 285 का होगा ऑपरेशन



नवभारत न्यूज

**जीरापुर 26 दिसम्बर, सं.** मंदिर श्री फलौदी माताजी महाराज ट्रस्ट खैराबाद धाम एवं श्री सदगुरु संकल्प नैत्र चिकित्सालय आनंदपुर के तत्वाधान में नगर खिलचीपुर में स्व श्री मोतीलाल गुप्ता स्व श्रीमती टीबू बाई गुप्ता की पुण्य स्मृति में नि:शुल्क विशाल नैत्र शिविर ( लेंस प्रत्यारोपण ) का शासकीय चिकित्सालय खिलचीपुर में आयोजन हुआ. जिसमें पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री मंदिर श्री फलौदी माताजी महाराज समिति भंवरलाल सिंगी , पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप सिंगी खिलचीपुर, जगदीश दांईखेड़ी, पुरुषोत्तम चौधरी खैराबाद धाम, दिलीप गुप्ता जुल्मी सहित अन्य समाजजन उपस्थित रहे. जिसमें वरिष्ठ समाजसेवी दिनेश जमींदार, राजेश राठौर जीरापुर एवं आयोजक जगदीश गुप्ता , गिरीराज गुप्ता फलोदी टेन्ट , रमेश गुप्ता , मनीष गुप्ता खिलचीपुर सहित घनश्याम सेठ , रामबाबू घाटियां, केदारनाथ भण्ड़ारी , नितेश गुप्ता , मोहन गुप्ता काला पत्थर एवं नेत्र रोगी बड़ी संख्या में शामिल हुए. निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन स्व मोतीलाल गुप्ता हलवाई एवं श्री मति टबुबाई गुप्ता कि 21 वीं पुण्य स्मृति में आयोजित किया गया जिसमें आपरेशन के लिए महिला 389 एवं पुरुष 285 , मरीजों को मेडीसीन महिला 202 पुरुष 144 , एडमीट महिला 165 पुरुष 122, सलाह 161 को , चश्मा नम्बर महिला 97, पुरुष 62 , चश्मा निशुल्क पुरुष 57, महिला 92 , रेफर 106 को शिविर में दीपक सिंह, कृष्णा कुमार, पारस रोहिली , राकेश भावसार, जीयु पाठक, घनश्याम बघेल , लखन कुशवाह , मोहन सिंह , जीतेन्द्र जादोन, संजीव अहिरवार , कटयार उत्सव भगवान सिंह की टीम ने चयनित किए.



### समाजसेवी सुरेश चौहान को अटल-सम्मान 2025

**सारंगपुर 26 दिसम्बर, सं.** पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101 वीं जन्म जयंती पर आज की जनधारा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में म.प्र.के विभिन्न क्षेत्रों से सामाजिक कार्यों के लिए अलग-अलग विधाओं में 25-विभूतियों के साथ सामाजिक,धार्मिक,पर्यटन व खेलो के प्रति उत्कृष्ट कार्य करने पर समाजसेवी सुरेश कुमार चौहान सारंगपुर को भोपाल के रविंद्र भवन में हरियाणा के पूर्व राज्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी एवं म.प्र.के निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने सम्मानित किया. सुरेश चौहान को मिले इस सम्मान से सारंगपुर नगर व राजगढ़ जिला गौरांवित हुआ.

## इटली की युवतियों ने ब्यावरा में जाना अतिथि देवो भव का महत्व



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 26 दिसम्बर, का.** भारतीय संस्कृति और विविधता को करीब से समझने के लिए लायंस यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत इटली से आईं दो युवतियां, वेलेंटीना और कैमिला, इन दिनों राजगढ़ जिले के प्रवास पर हैं. इसी कड़ी में कल उन्होंने ब्यावरा शहर का भ्रमण किया, जहाँ लायंस क्लब के सदस्यों ने उनका आत्मीय स्वागत किया. कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय परंपरा के अनुसार तिलक लगाकर और माला पहनाकर की गई. इसके बाद उन्हें नाश्ते में भारत के पारंपरिक मौसमी जायके जैसे सिंघाड़ा, रबड़ी, गजक और मूंगफली-गुड़ का स्वाद चखाया गया, जिसे उन्होंने बेहद चाव से खाया. सुठालिया स्थित मां सुंदरमई मंदिर के दर्शन कराए गए. ब्यावरा के गुरुद्वारे और चर्च का भ्रमण कराकर सर्वधर्म समभाव का संदेश दिया गया. ग्रामीण जीवन के अनुभव के लिए उन्हें जामफल (अमरूद) के खेत ले जाया गया, जहाँ उन्होंने ताजे फलों का आनंद लिया. साथ ही, उन्होंने खेती की बारीकियों और भैंस का दूध दुहने के पारंपरिक तरीकों को प्रत्यक्ष देखा. दोपहर के भोजन में क्लब सदस्यों ने एक अनूठी पहल करते हुए इटालियन और भारतीय व्यंजनों का मिश्रण परोसा. शाम के समय वेलेंटीना और कैमिला ने पतंगबाजी में हाथ आजमाया और अपने हाथों पर मेहंदी भी लगवाई. स्थानीय लायंसक्लब सदस्यों से चर्चा के दौरान दोनों युवतियों ने बताया कि उन्हें भारतीयों की आत्मीयता और यहाँ का मेहमाननवाजी का तरीका (अतिथि देवो भव:) बहुत पसंद आया. उन्होंने कहा कि यह अनुभव उनके जीवन की सबसे खूबसूरत यादों में से एक रहेगा.

## सार्वजनिक रास्तों से अवैध अतिक्रमण हटाकर सुचारू किया जाए

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 26 दिसम्बर, सं. नगर की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं एवं राष्ट्रीय स्तर के गंभीर विषयों को लेकर हिन्दू उत्सव समिति सारंगपुर द्वारा राष्ट्रपति महोदया के नाम एक ज्ञापन एसडीएम कार्यालय में तहसीलदार आकाश शर्मा को सौंपा गया. साथ ही समिति द्वारा राज्य मंत्री गौतम टेटवाल को भी पृथक ज्ञापन दिया गया. ज्ञापन में समिति ने नगर में बढ़ रही असामाजिक गतिविधियों, शासकीय भूमि पर अवैध कब्जों, भूमि विवादों एवं समान नागरिक संहिता सहित अनेक राष्ट्रीय विषयों पर शीघ्र ठोस कार्रवाई की मांग की है. समिति ने अवगत कराया कि नगर के टेंचिंग ग्राउंड के समीप स्थित शासकीय भूमि एवं प्राचीन चिंतनेश्वर महादेव मंदिर की भूमि पर एक विशेष समुदाय द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है.**

इससे आम रास्ते बाधित हो रहे हैं तथा धार्मिक स्थल की पवित्रता प्रभावित हो रही है. समिति ने मांग की कि उक्त अवैध कब्जों को तत्काल हटाकर सार्वजनिक रास्ते को पुन: सुचारू किया जाए तथा मंदिर की भूमि को सुरक्षित किया जाए.

इसके साथ ही समिति ने दशहरा मैदान (सर्वे नंबर 1934, रकबा 4.3670 हेक्टेयर) को हिंदू समाज के नाम दर्ज भूमि बताते हुए उस पर किसी भी प्रकार के पट्टे जारी न किए जाने तथा पूर्व में हुए किसी भी अतिक्रमण को तुरंत हटाने की मांग की. इस अवसर पर हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला, अशोक साहू, दिनेश सिसौदिया, वैभव पुष्पद, अनिल जैन, गोपाल पाल, कमल राठौर, सतीश राठौर, अमित सक्सेना, सतीश गिरजे,मनोज जैन, अमित दुबे, मोहन ईशान, मुरलीधर सोलंकी, नवीन रुण्डवाल, राजेश बंसल, अधिवक्ता कोमल शर्मा, कुलदीप टेटवाल,दीपक विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में समिति पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे.

**कार्यवाही** ▶ हाईवे पर आपूर्ति विभाग ने की कार्यवाई, वाहन भी किया जप्त, नहीं मिले दस्तावेज

# अवैध रूप से ले जा रहे 80 घरेलू गैस सिलेंडर जप्त

नवभारत न्यूज

**कुरावर 26 दिसम्बर, सं. शुक्रवार दोपहर को आपूर्ति विभाग द्वारा नगर से गुजर रहे हाईवे पर एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से परिवहन कर ले जाये जा रहे 80 घरेलू गैस सिलेंडर एवं एक चार पहिया लोडिंग वाहन को जप्त किया गया.**

हाईवे स्थित वृंदावन होटल के सामने सिलेण्डर से भरा वाहन जप्त किया गया. सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार माना स्थित गैस एजेंसी से अभिषेक पिता प्रकाश ठाकुर तथा उसका साथी हर्षित पिता बल्लू सिंह निवासी ईटखेड़ी जिला भोपाल चार पहिया लोडिंग वाहन से 80 घरेलू गैस सिलेंडर अवैध रूप से भरकर ईटखेड़ी ले जा रहे थे. इसकी जानकारी लगने पर आपूर्ति विभाग की टीम मौके पर पहुंची जहां ग्रामीणों ने वाहन को रोक रखा था.



**नहीं मिले वैद्य दस्तावेज-** कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आनारिका कन्नौजिया ने मौके पर पहुंचकर वाहन चालक से पूछताछ की. पूछताछ में चालक ने स्वीकार किया कि उसके पास गैस सिलेंडरों से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं हैं तथा वह पिछले तीन माह से इसी प्रकार अवैध रूप से गैस सिलेंडर ले जा रहा था. वह इन सिलेंडरों को गोकलपुर एवं ईटखेड़ी (भोपाल) क्षेत्र में प्रति सिलेंडर 900 रुपये में बेच रहा था. जबकि घरेलू गैस सिलेंडर का शासकीय मूल्य 858.50 है.

आपूर्ति विभाग ने कार्रवाई करते हुए 80 घरेलू गैस सिलेंडरों को जप्त कर स्थानीय गैस एजेंसी को सुपुर्द किया तथा वाहन को पुलिस थाने में जप्त करवाया गया. विभाग द्वारा आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है. गौरतलब है कि पिछले तीन माह से स्थानीय उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की कमी का सामना करना पड़ रहा था, जबकि दूसरी ओर घरेलू गैस सिलेंडरों की अवैध बिक्री की जा रही थी.

हमें फोन पर सूचना मिली थी कि एक चार पहिया वाहन में अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेंडर ले जाए जा रहे है. मौके पर पहुंचकर 80 घरेलू गैस सिलेंडरों से भरे वाहन को जप्त किया गया. चालक के पास कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले. सिलेंडरों को स्थानीय गैस एजेंसी को जप्ती में दिया गया है तथा वाहन को पुलिस की सुपुर्दगी में सौंपा गया है. आगे की कार्रवाई की जा रही है.

**आनारिका कन्नौजिया**
**कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, नरसिंहगढ़**

## मध्यान्ह भोजन में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगी

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 26 दिसम्बर, का. शुक्रवार को पीएम पोषण अनुश्रवण समिति की बैठक नवीन बीआरसी भवन में हुई, जिसमें कहा गया कि मध्यान्ह भोजन व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.**

एसडीएम गोविंद कुमार दुबे की अध्यक्षता में हुई बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गये कि खाद्यान्न उठाव सभी समय पर करें. उचित मूल्य दुकान संचालक की जिम्मेदारी है कि वे सभी एमडीएम संचालक समूहों को समय पर खाद्यान्ह उपलब्ध करवाए.

**बच्चों को मीनू के अनुसार भोजन उपलब्ध करवाए-** शाला में बच्चे भोजन मंत्र के साथ व्यवस्थित समय पर भोजन करें यह सुनिश्चित किया जाए इसके लिए समूह की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है कि वह गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध करवाए. शाला परिसर में जहां किचन शेड है वहीं पर भोजन बनाया जाये. **टिफिन में 24 घंटे के लिए रखे सैंपल-** समुचित पूरी प्रक्रिया को प्रधानाध्यापक अपनी देखरेख में नियमित समूह के माध्यम से पूर्ण करवाए. एक टिफिन में सेंपल भी 24 घंटे के लिए शाला में रखे. किसी भी प्रकार की कमी होने पर या लापरवाही होने पर तत्काल रिपोर्ट करें. जनशिक्षक को निर्देश दिए कि वे प्रत्यक्ष शालाओं का भ्रमण करे वहां मध्यान्ह भोजन का अनुवीक्षण करे. समय सारणी का उपयोग कर व्यवस्थित पढ़ाई करवाई जाए. बैठक में बीईओ दिलीप कुमार शर्मा, बीआरसीसी जी.के. दुबे, सीएमओ सुठालिया, परियोजना अधिकारी आईसीडीएस, संकुल प्राचार्य, बीएसी, जनशिक्षक उपस्थित रहे.